दैनिक भास्कर 12/08/2023

विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज प्रथम

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, पंचकूला ने आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में से लिखित परीक्षा में 8 टीमों का चयन किया गया। उन्होंने मौखिक प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शुभारंभ कालेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. रचना खन्ना ने किया। प्रतियोगिता में पहले व दूसरे स्थान पर जीएमएन कॉलेज, तीसरे स्थान पर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज रहा। क्विज मास्टर की भूमिका डॉ. शिखा जग्गी ने निभाई। संयोजक डॉ. एसके पांडे ने बताया कि प्रथम 5 टीमें जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मौके पर डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. नियति शर्मा ने विषय एक्सपर्ट की भूमिका निभाई। अंत में रचना खन्ना ने विभिन्न विजेता टीमों को सर्टिफिकेट प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।